पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 23 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर बेगम हजरत महल पार्क स्थित सुभाष चैराहा जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री उदय खत्री, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो0 एस0बी0 निम्से, कुलपति भातखण्डे संगीत संस्थान समविश्वविद्यालय सुश्री श्रुति सडोलीकर काटकर सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद करते हुए कहा कि नेताजी ने देश को आजाद कराने के लिए महान पराक्रम किया था। वे एक युग पुरूष थे जिन्होंने देश के बाहर जाकर लोगों को देश की आजादी के लिये संगठित किया था। स्वराज को सुराज में बदलने का प्रयास करें। भ्रष्टाचार एवं अनाचार को मिटायें तभी उनके बलिदान का मतलब निकलेगा। उन्होंने कहा कि नेताजी के बलिदान को व्यर्थ न जाने दें।

श्री नाईक ने कहा कि केन्द्र सरकार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है। फाइलों से देश का नया इतिहास सामने आयेगा। फाईल बतायेगी कि सुभाष चन्द्र बोस ने देश को आजाद कराने के लिए कैसे प्रेरणा दी। अंग्रेजों ने अपने बनाये इतिहास में आजादी की लड़ाई को बगावत बताया था। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने में नेताजी का महत्वपूर्ण योगदान है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को सम्मानित भी किया।

अंजुम/ललित/राजभवन-(25)